Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 16-05-2007

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to restore the quota of ration being sold through PDS shops in Uttarakhand.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, देश में और विशेाकर उत्तराखंड में खाद्यान्न का वितरण करने में असफल हो रही है। उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्र में खेती नाम मात्र की है और आजीविका के साधन भी नहीं के बराबर हैं। इस कारण वहां की अधिकांश जनता सरकार सस्त गल्ले की दुकानों पर मिलने वाले खाद्यान्न पर ही निर्भर है।

सूखा, भारी हिमपात व ओलावृटि से यहां की फसलें बरबाद हो चुकी हैं और दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं गेंहू, चावल, चीनी आदि की कीमतें खुले बाजार में आसमान छू रही हैं। इस कारण गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिये जीवन का संकट खड़ा हो गया है।

अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के खाद्यान्न गोदाम खाली पड़े हुए हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों का राशन कोटा घटा दिया गया है और गरीबी रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले लोगों का खाद्यान्न आबंटन बंद हो गया है।

इन परिस्थितियों में मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि अतिशीघ्र उत्तराखंड राज्य को अतिरिक्त खाद्यान्न आबंटित करते हुए वहां के निवासियों को पूर्व की भांति खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये।

---

*Treated as laid on the Table.